इसे वेबसाईट **www.govtpressmp.nic.in**
से भी डाउन लोड किया जा सकता है.

# मध्यप्रदेश राजपत्र

## ( असाधारण )

## प्राधिकार से प्रकाशित

क्रमांक 407]  भोपाल, मंगलवार, दिनांक 20 अक्टूबर 2020—आश्विन 28, शक 1942

## लोक सेवा प्रबंधन विभाग

मंत्रालय, वल्लभ भवन, भोपाल

भोपाल, दिनांक 15 अक्टूबर 2020

क्र. एफ 2-11-2020-लोसेप्र-61-1-पी.एस.जी.-11.—मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 (क्रमांक 24 सन् 2010) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा गृह विभाग की पूर्व में जारी अधिसूचना क्र. एफ 308-05-01-2010, दिनांक 24 सितम्बर 2011, अधिसूचना क्र. एफ 2-13-2012-इकसठ-लोसेप्र-पी.एस.जी.-11, दिनांक 23 दिसंबर 2014, अधिसूचना क्र. एफ-2-13-2012-इकसठ-लोसेप्र-पी.एस.जी.-11 दिनांक 25 जुलाई 2015 एवं अधिसूचना क्र. एफ 2-13-2012-इकसठ-लोसेप्र-पी.एस.जी.-39 दिनांक 02 जनवरी 2018 को विलोपित करते हुए पुनः मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 (क्रमांक 24 सन् 2010) की धारा 3 द्वारा प्रदत्त शक्तियों को प्रयोग में लाते हुये, राज्य सरकार, एतद्द्वारा गृह विभाग द्वारा उपलब्ध कराई जाने वाली सेवाएं, पदाभिहित अधिकारी का पदनाम, सेवा प्रदान करने के लिये निश्चित की गई समय-सीमा, प्रथम अपील अधिकारी का पदनाम, प्रथम अपील अधिकारी द्वारा निराकरण के लिए निश्चित की गई समय-सीमा तथा द्वितीय अपील प्राधिकारी का पदनाम निम्नानुसार अधिसूचित करती है, अर्थात्:—

मध्यप्रदेश लोक सेवाओं के प्रदान की गारंटी अधिनियम, 2010 की धारा 3 के तहत गृह विभाग की सेवा

| सेवा क्र. | सेवाएँ | पदाभिहित अधिकारी का पदनाम | सेवा प्रदान करने की निश्चित समय-सीमा | प्रथम अपील अधिकारी का पदनाम | प्रथम अपील के निराकरण की निश्चित की गयी समय-सीमा | द्वितीय अपील प्राधिकारी का पदनाम |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 11.1 | मृतक के परिवार के सदस्य के आवेदन पर पोस्टमार्टम रिपोर्ट की प्रतिलिपि प्रदाय करना। | संबंधित थाना क्षेत्र का थाना प्रभारी/ अजाक्स थाने की स्थिति में उप-पुलिस अधीक्षक, अजाक्स. | 30 कार्य दिवस | अनुविभागीय अधिकारी, पुलिस (एस.डी.ओ.पी.) /नगर पुलिस अधीक्षक (सी.एस.पी.)/ अजाक्स थाने की स्थिति में पुलिस अधीक्षक, अजाक्स | 15 कार्य दिवस | जिला पुलिस अधीक्षक |
| 11.2 | एफ.आई.आर. की डुप्लीकेट प्रति फरियादी को प्रदान करना। | 1) संबंधित थाना क्षेत्र का थाना प्रभारी/ अजाक्स थाने की स्थिति में उप-पुलिस अधीक्षक, अजाक्स (Non Heinous Crime से संबंधित एफ.आई.आर. की डुप्लीकेट प्रति प्रदान करने हेतु)<br>2) SDOP/CSP/ अजाक्स थाने की स्थिति में पुलिस अधीक्षक, अजाक्स (Heinous Crime से संबंधित एफ.आई.आर. की डुप्लीकेट प्रति प्रदान करने हेतु) | 1)01 कार्य दिवस (म.प्र. पुलिस के ई-गवर्नेंस पोर्टल पर रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध होने की स्थिति में)<br>2) 07 कार्य दिवस (म.प्र. पुलिस के ई-गवर्नेंस पोर्टल पर रिपोर्ट ऑनलाइन उपलब्ध न होने की स्थिति में) | जिला पुलिस अधीक्षक | 07 कार्य दिवस | रेंज का पुलिस महानिरीक्षक |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11.3 | लाइसेंस अवधि समाप्त होने के पूर्व अवर्जित बोर के शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण | जिला दण्डाधिकारी | 15 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 07 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.4 | लाइसेंस अवधि की समय-सीमा के पश्चात अवर्जित बोर के शस्त्र लाइसेंस का नवीनीकरण। | जिला दण्डाधिकारी | 60 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.5 | शस्त्र लाइसेंस की डुप्लीकेट प्रति प्रदाय करना। | जिला दण्डाधिकारी | 07 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.6 | मर्ग इंटीमेशन की छायाप्रति देना। | संबंधित थाना क्षेत्र का थाना प्रभारी | 07 कार्य दिवस | अनु. अधि. पुलिस / न. पु. अधि. | 07 कार्य दिवस | जिला पुलिस अधीक्षक |
| 11.7 | डुप्लीकेट लाइसेंस प्रदान करना (पुलिस द्वारा अनापत्ति प्राप्त होने के पश्चात) | जिला दण्डाधिकारी | 07 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.8 | स्वीकृत शस्त्र लाइसेंस में शस्त्र (प्रथम शस्त्र जो पुनर्विक्रय का न हो) दर्ज किये जाने बावत आवेदन पत्र | जिला दण्डाधिकारी | 07 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.9 | ध्वनि विस्तारक यंत्र को धीमी गति से उपयोग किये जाने की अनुमति बावत | अनुविभागीय अधिकारी | 07 कार्य दिवस | जिला दण्डाधिकारी | 15 कार्य दिवस | संभागायुक्त |
| 11.10 | अस्थाई यात्रा लाइसेंस प्रदान किये जाने बावत आवेदन पत्र(पुलिस द्वारा अनापत्ति प्राप्त होने के पश्चात) | जिला दण्डाधिकारी | 02 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.11 | मोबाइल एवं अन्य सामग्री गुम होने की सूचना की पावती | संबंधित थाना क्षेत्र का थाना प्रभारी | 01 कार्य दिवस | एस.डी.ओ.पी./ सी.एस.पी. | 07 कार्य दिवस | जिला पुलिस अधीक्षक |

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 11.12 | चरित्र सत्यापन (यदि व्यक्ति विगत 05 वर्ष में आवेदन देने वाले जिले में एक ही स्थान में निवासरत रहा हों) | संबंधित थाना क्षेत्र का थाना प्रभारी | 30 कार्य दिवस | एस.डी.ओ.पी./ सी.एस.पी. | 15 कार्य दिवस | जिला पुलिस अधीक्षक |
| 11.13 | किरायेदार/नौकर का सत्यापन (यदि व्यक्ति विगत 05 वर्ष में आवेदन देने वाले जिले में एक ही स्थान में निवासरत रहा हों) | संबंधित थाना क्षेत्र का थाना प्रभारी | 30 कार्य दिवस | एस.डी.ओ.पी./ सी.एस.पी. | 15 कार्य दिवस | जिला पुलिस अधीक्षक |
| 11.14 | संस्था में हथियार के सेवक/सेवकों की नियुक्ति(पुलिस द्वारा अनापत्ति प्राप्त होने के पश्चात) | जिला दण्डाधिकारी | 07 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.15 | लाइसेंसधारी संस्थाओं के हथियार के सेवक/सेवकों का नाम जोड़ना/हटाना (पुलिस द्वारा अनापत्ति प्राप्त होने के पश्चात) | जिला दण्डाधिकारी | 07 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.16 | मृत्यु के बाद हथियारों की बिक्री/स्थानांतरण की अनुमति (पुलिस द्वारा अनापत्ति प्राप्त होने के बाद) जिला दण्डाधिकारी के अधिकार क्षेत्र अंतर्गत | जिला दण्डाधिकारी | 07 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |
| 11.17 | मृत्यु के उपरांत हथियार का समर्पण एवं लाइसेंस का निरस्तीकरण | जिला दण्डाधिकारी | 07 कार्य दिवस | संभागायुक्त | 15 कार्य दिवस | सचिव, गृह |

मध्यप्रदेश के राज्यपाल के नाम से तथा आदेशानुसार,
**रिपुदमन सिंह भदौरिया,** उपसचिव.

नियंत्रक, शासकीय मुद्रण तथा लेखन सामग्री, मध्यप्रदेश द्वारा शासकीय केन्द्रीय मुद्रणालय, भोपाल से मुद्रित तथा प्रकाशित—2020.